वन फोर्थ इंच सीम फुट

इस ट्यूटोरियल में आप उषा जेनोम 1 / 4 (वन फोर्थ) इंच सीम फुट का उपयोग करना सीखेंगे



एक इवन सिम यानि कि समरूप सीवन एक उत्तम सिलाईकार का संकेत है। यह किसी भी प्रोजेक्ट को आंख को भानेवाला सुन्दर फिनिशिंग प्रदान करता है। पैचवर्क का आनंद लेने वालों के लिए इवन सीम महत्वपूर्ण है।

इस ट्यूटोरियल में आप उषा जेनोम 1/4th (एक चौथाई या वन फोर्थ) इंच सीम फुट का उपयोग करना सीखेंगे। इस फुट से आप सही एक-चौथाई इंच के सीम को सील पाएंगे और यह विशेष रूप से उन लोगों के साथ लोकप्रिय है जो पैचवर्क करते हैं क्योंकि यह असमान सीम की परेशानी को दूर करता है। इस ट्यूटोरियल के लिए आपको चाहिए होगा: उषा जेनोम वन फोर्थ सीम फुट, कम से कम 8 x 8 इंच कपड़े का एक चौकोर टुकड़ा, धागा और कैंची की एक जोड़ी।

इस वन फोर्थ इंच सीम फुट को यह गाइडिंग प्लेट विशेष बनाता है जो सुनिश्चित करता है कि आप एक समरूप चौथाई इंच का सीवन सिलते है। और दूसरी तरफ ये दो लाइने आपको पिवट करते समय मदद करेगी।

आइए शुरू करें - नार्मल प्रेशर फुट को वन फोर्थ इंच सीम फुट के साथ उस पर स्नेप कर बदले और शुरू करें। अब अपनी मशीन को सेट करें - पैटर्न सिलेक्टर डायल को A पर सेट करे और स्टीच लेंथ को 2 और 3 के बीच रखे।



फुट की निचली रेखा तक एक सीधी रेखा में सिलाई शुरू करें, जो कि पिवोटिंग को गाइड करती है, कपडे के किनार तक पहुंचती है और उसके साथ संरेखित होती है - इस तरह।

एक परफेक्ट कॉर्नर को पाने के लिए... मेरे अगले चरणों का सावधानी से पालन करें - सुई को नीचे रखने के लिए फ्लाईव्हील को अपनी ओर घुमाए और कपड़े को 90 डिग्री पर मोड़े। सुनिश्चित करें कि आपने अभी-अभी जो लाइन सिली है, वह फुट के ऊपरी अंकन से मेल खाती है। आपको यह भी सुनिश्चित करना होगा कि ब्लैक गाइडिंग प्लेट कपड़े की किनार के साथ इस तरह से संरेखित होती है।

फिर से सिलाई शुरू करें। जब तक आप अंतिम कोण के छोर पहुंचने तक कोनो के ईर्दगिर्द समान प्रक्रिया का पालन करें।

यह वन फोर्थ सीम फुट आपके उत्पाद में सुथरापन और प्रोफेशनल फिनिश जोड़ने का सबसे तेज़ तरीका है। तो अपनी इच्छानुसार आप एकदम सरल या तो अनोखे परिणाम प्राप्त कर सकते हैं और अंतिम परिणाम हमेशा ही मोहक दिखेगा! है ना यह एकदम अद्भुत?